26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 18 अगस्त , 2026
अंक- 294 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# खून का कारोबार, 5 गिरफ्तार

## कैंप लगाकर रक्तदान कराते, आठ हजार में बेच देते


## बिजनौर के सपा नेता का बेटा भी शामिल

**हरिद्वार/ बिजनौर (चिंगारी)।** जिस खून को इंसान की जिंदगी बचाने के लिए सबसे अनमोल माना जाता है और रक्तदान को महादान कहा जाता है, अगर वही खून पैसों के खेल का हिस्सा बन जाए तो लोगों का इंसानियत पर से भरोसा कम होगा। उत्तराखंड के लक्सर में ब्लड कैंप लगाकर रक्त एकत्र करने और उसे ऊंचे दाम पर बेचने के मामले का भंडाफोड़ हुआ है। खून के इस खेल में बिजनौर के एक सपा नेता का पुत्र भी शामिल है। हरिद्वार पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। लक्सर पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 27 यूनिट रक्त और 27 खाली ब्लड बैग बरामद किए हैं। हरिद्वार के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के अनुसार 16 अगस्त को लक्सर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जगह-जगह ब्लड कैंप लगाकर रक्त एकत्र कर रहे हैं और उसे दूसरे राज्यों व दूसरे जनपदों में ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं। पकड़े गये लोगों में एक संभल का, एक मुरादाबाद का, एक बिजनौर का और दो हरिद्वार के लोग शामिल हैं। शुरुआती पूछताछ में जानकारी मिली कि कैंप में एकत्र ब्लड बिजनौर में 8 हजार रुपये प्रति यूनिट बेचा जा रहा था। गिरफ्तार लोगों में बिजनौर के सपा नेता एवं भगीरथ सेना के अध्यक्ष मदनलाल सैनी का पुत्र दुष्यंत कुमार शामिल है। दुष्यंत बिजनौर में ब्लड बैंक चलाता है।



# चंपत राय को क्लीन चिट मिली

## डॉ. अनिल मिश्रा भी आरोपों से बरी




**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे से जुड़े मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी फाइनल रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। गृह विभाग ने रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को उपलब्ध करा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, फाइनल रिपोर्ट में राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को क्लीन चिट दी गई है। वहीं, ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र पर भी कोई आरोप तय नहीं किए जाने की बात सामने आ रही है। ट्रस्ट के अनुरोध पर शासन ने 13 जून को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। आईजी रेंज किरण एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया था। टीम ने जांच के दौरान चढ़ावे से जुड़े मामले में सामने आए तथ्यों, दस्तावेजों और संबंधित लोगों के बयानों की पड़ताल की।

**फ्लैट किराये हेतु**

सिविल लाइन बिजनौर प्राइम लोकेशन पर 3 BHK फ्लैट पार्किंग व अन्य समस्त अत्याधुनिक सुविधाओं सहित किराये हेतु उपलब्ध हैं।
सम्पर्क करें-
मो. 8923860549/48

**आवश्यकता है**

हेड मैकेनिक, एडवायजर, कॉलिंग के लिए लड़की की, वर्कशॉप के लिए। Chandak में Venus Car Spa एंड सर्विस, Chandak नियर बालाजी ट्रेडर्स
संपर्क करे 9761890440
Bosch service

## रास्ता न दिला पाएं तो लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार सबको सस्पेंड करो- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में भूमि संबंधी प्रकरणों में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जब यह पीड़ा सुनाई कि दबंग यह धमकी देते हुए रास्ता नहीं दे रहे हैं कि चाहे जहां शिकायत कर लो तो मुख्यमंत्री की भृकुटि तन गई। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला को रास्ता दिलवाया जाए। यदि रास्ता दिलवाने में लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार खुद को लाचार मानते हों तो उन सबको सस्पेंड किया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जहां भी भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर हीलाहवाली मिले तो वहां संबंधित कार्मिक या अधिकारी के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाए।







# और अब बिजनौर पुलिस का X अकाउंट भी हैक!

## क्रिप्टो पोस्ट से हड़कंप मचा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स की सुरक्षा को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। बिजनौर पुलिस का आधिकारिक X अकाउंट @bijnorpolice भी हैक कर लिया गया है। हैकर ने अकाउंट की प्रोफाइल फोटो और नाम बदलकर ether.fi कर दिया। इसके बाद अकाउंट से लगातार क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी पोस्ट की जाने लगीं। करीब 76 हजार फॉलोअर्स वाले आधिकारिक पुलिस X अकाउंट से कुछ ही घंटों में बड़ी संख्या में ETHFI क्रेडिट, कैश रिवॉर्ड और क्रिप्टो वॉलेट से संबंधित प्रमोशनल पोस्ट की गईं। पुलिस के आधिकारिक अकाउंट से इस तरह की पोस्ट सामने आने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। बिजनौर पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से X अकाउंट हैक होने की पुष्टि की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि हैक किए गए अकाउंट से की जा रही किसी भी क्रिप्टो संबंधी पोस्ट पर भरोसा न करें और


SCM BIJNOR
कृपया अवगत कराना है कि बिजनौर पुलिस का X (ट्विटर) अकाउंट हैक हो गया है, जिसके कारण अकाउंट से कुछ संदेश/लिंक भेजे जा सकते हैं।यदि किसी व्यक्ति को इस दौरान कोई संदेश/लिंक प्राप्त होता है, तो कृपया उसका कोई जवाब न दें। असुविधा के लिए खेद है। अकाउन्ट रिकवरी के प्रयास किये जा रहे है।
09:04

उसमें दिए गए किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। साथ ही किसी भी क्रिप्टो वॉलेट को कनेक्ट न करने की सलाह दी गई है।

### फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी निशाने पर

मामला केवल एक्स अकाउंट तक सीमित नहीं बताया जा रहा है। बिजनौर पुलिस के आधिकारिक फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक किए जाने की जानकारी सामने आई है। फेसबुक अकाउंट से जुड़े कई लोगों को संदिग्ध संदेश भेजे जाने की बात सामने आई है। संदेश मिलने के बाद संबंधित लोगों ने पुलिस विभाग को इसकी जानकारी दी। सोशल मीडिया अकाउंट्स के हैक होने की जानकारी सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस की साइबर टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम अकाउंट्स को सुरक्षित करने के साथ ही हैकर का पता लगाने में जुटी है। तकनीकी जांच के जरिए यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अकाउंट्स को कब और किस तरीके से हैक किया गया। पुलिस अकाउंट्स से की गई पोस्ट और भेजे गए संदेशों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि बिजनौर पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट से कोई संदिग्ध पोस्ट, मैसेज या लिंक मिलने पर उस पर प्रतिक्रिया न दें। बिजनौर पुलिस ने लोगों से विशेष रूप से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें।




## कांवड़ियों का वाहन पलटने से विद्युत पोल में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के बुंदकी मार्ग पर स्थित न्यू लक्ष्मी नगर कालोनी के सामने अचानक कांवड़ियों का वाहन पलटने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हरिद्वार से गंगाजल लेकर नगीना-नजीबाबाद मार्ग पर जा रहा कांवड़ियों का छोटा हाथी वाहन अचानक पलटकर विद्युत पोल से टकरा गया। टक्कर लगते ही पोल में चिंगारी उठी और आग लग गई। छोटा हाथी में सवार चार-पांच कांवड़िए नगीना दिशा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार कांवड़िए को बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया तथा वाहन विद्युत पोल से जा टकराया। टक्कर के बाद छोटा हाथी वाहन सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान पति हिमांशु राजपूत ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना दी तथा विद्युत सप्लाई बंद कराई। एसडीओ ने बताया कि समय पर सप्लाई बंद न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर आदर्शनगर चौकी प्रभारी नरेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। क्रेन बुलाकर गड्ढे में गिरे वाहन को बाहर निकलवाया गया। इस हादसे में गनीमत रही कि कोई जनहानि व कांवड़िया चोटिल नहीं हुआ। पुलिस ने मार्ग पर यातायात सुचारु कराकर क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया।

## साहित्यकार राजेंद्र त्यागी का बीमारी के चलते निधन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्यागी का बीमारी के चलते बीती रात निधन हो गया। राजेंद्र त्यागी महान साहित्यकार व सामाजिक रूप में सक्रिय रहने के साथ वह वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के प्रधान पद व महामंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने लंबे समय तक सेवा की। आज वह इस दुनिया को छोड़कर ब्रह्मलीन हो गए हैं। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के वर्तमान अध्यक्ष एवं युगांतर सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कक्कड़ ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर के साहित्यकारों प्रदीप डेजी, शादाब जफर आदि ने भी उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

बिजनौर में खुल गया है

ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

आम के बाग से 50 हरे-भरे पेड़ काटे ( पेज 11 )



# संत शिरोमणि रविदास कलश यात्रा का स्वागत किया

**शेरकोट ( चिंगारी )। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जा रही कलश यात्रा का शेरकोट क्षेत्र में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।**



गत 29 जुलाई से रविदास जी की जन्मस्थली गोवर्धनपुर, काशी-बनारस से निकाली जा रही कलश यात्रा कल शाम क्षेत्र के धुराड़ा-मंधौरा व नंदगांव होते हुए नगर के मुहल्ला समना सराय स्थित अम्बेडकर धर्मशाला में पहुंची। वहां नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी और गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर रणजीत सिंह के नेतृत्व में यात्रा संयोजक डॉ. फूल सिंह चौधरी का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कलशों में जन्मस्थली से लाई गई पवित्र मिट्टी के दर्शन कर रविदास जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंडल महामंत्री शुभम बिड़ला, शिवकुमार चौहान, संजय प्रजापति, संजीव कुमार आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसके उपरांत कलश यात्रा ग्राम हाफिजाबाद और हादकपुर पहुंची, जहां धर्मवीर चौहान, अभिषेक कोहली, अंकित कुमार, मास्टर रामकुमार, सुरेंद्र सिंह, मास्टर मेहर सिंह, जितेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, ममता देवी, कमलेश देवी, राधेश्याम सैनी, योगेंद्र रस्तोगी, नाजिम मलिक आदि ने स्वागत किया। इसके बाद यात्रा अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

# प्रियांशु के परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने की मांग

## भाकियू ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन




**किरतपुर ( चिंगारी )।** कलश यात्रा के दौरान 10 अगस्त 2026 को प्रियांशु देव पुत्र त्रिभुवन देव की जैन चौराहे पर करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सुखविंदर सिंह ने बिजनौर बिजली एक्सईएन को एक ज्ञापन दिया, जिसमें बताया कि प्रियांशु अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था, उसके परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए, विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को निलंबित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई जांच में गड़बड़ करेगा तो विद्युत विभाग के दफ्तर में तालाबंदी करने को यूनियन विवश होगी। ज्ञापन देने वालों में रामनरेश, नीरज चाहल, अभिषेक कुमार, कुलदीप मोर, सुनील कुमार, शहजाद अहमद आदि थे।

# कल धरना देंगे शिक्षणेत्तर कर्मचारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा से वंचित करने सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी कल 19 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देंगे तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री योगेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्दर कुमार ने एक बयान में बताया प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदोन्नति, प्रबंध समिति में भागेदारी, पदोन्नति में 22 भी का लाभ, लिपिकीय वर्ग में वेतन विसंगति, शिक्षणेत्तर कर्मचारी पद पर नियुक्त पर रोक हटाने, आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित वेतन, उत्पीड़न रोकने आदि मांगों शासन में वर्षों से लंबित है। उनकी राजाज्ञा जारी नहीं हो रही। उधर, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा से बंचित करने से प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में भारी रोष है।

# डा. ओ.डी. आर्य का निधन

## बिजनौर ने एक संवेदनशील लेखक, चिंतक खो दिया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कालेज बिजनौर सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक तथा सामाजिक चिंतक, लेखक एवं साहित्यकार डा. ओ.डी. आर्य का लम्बी बीमारी के पश्चात 15 अगस्त को निधन हो गया। 86 वर्षीय श्री आर्य पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उनके नई बस्ती स्थित निवास पर लोगों का तांता लग गया। कालेज में सेवा के दौरान संस्था के प्रति निष्ठा और कर्मठता उनकी पहचान रही, जिसके चलते प्रबंध समिति के आग्रह पर सेवानिवृत्ति के पश्चात भी वे कई वर्षों तक कालेज की सेवा करते रहे। डा. ओ.डी. आर्य उच्च कोटि के लेखक एवं साहित्यकार भी थे। उनकी कई पुस्तकें भी प्रकाशित हुईं। उन्होंने अपनी पत्नी की स्मृति में बिजनौर में हरिद्वार रोड पर निर्मला शर्मा आईटीआई की स्थापना की। वे बसपा के शासनकाल में नगर पालिका बिजनौर के नामित सभासद भी रहे। डा. ओ.डी. आर्य अपने पीछे दो पुत्रों व दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके पुत्र डा. चारुदत्त आर्य वर्धमान कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, जबकि बड़े पुत्र उमादत्त आर्य सिंगापुर में कार्यरत हैं। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# शिक्षक पुष्पेन्द्र राजपूत की माता जी का निधन



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम खानपुर (नांगल) निवासी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजपूत की माताजी श्रीमती सरोज देवी ( 66 वर्ष ) का कल देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। आज बालावाली गंगा घाट पर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती सरोज देवी धर्मपत्नी राजेश राजपूत यूं तो पिछले 25 वर्षों से बीमार थीं, मगर पिछले कुछ समय से वे बेड रेस्ट पर थीं। पुष्पेन्द्र राजपूत ने बताया कि कल देर शाम उनकी तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ी और लगभग 7 बजे अपने आवास पर ही उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। चिंगारी की ओर से भी विनम्र श्रद्धांजलि।

Hero

80वें गणतंत्र दिवस व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर

Hero

HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO



Cash Discount 3000/-



Cash Discount 2100/-



Cash Discount 5000/-

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## असहमतियों के बावजूद...

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री व इन्दिरा गांधी के शासनकाल में भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा न्यायपालिका को मजबूत करने के साथ ही 'हरित क्रान्ति' व 'श्वेत क्रान्ति' के चलते भारत अनाज और दूध के मामले में आत्मनिर्भर बना तथा एक समय अमेरिका के पीएल-480 गेहूं पर निर्भर देश खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने के साथ कृषि उत्पादकों का निर्यातक भी बना। स्वतंत्रता के पश्चात चार-पांच दशकों में डाली गई नींव का ही परिणाम है कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। एक समय अधिकांश रक्षा उत्पादों के लिए विदेशों पर निर्भर भारत आज न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर हो रहा है, बल्कि वह तेजी से रक्षा उत्पादों के निर्यातक के रूप में उभर रहा है।

दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र भारत की विशिष्टता है कि यहां 'आंतरिक आपातकाल' के थोड़े से काले समय को छोड़ कर तमाम मतभेदों और असहमतियों के बावजूद केन्द्र व राज्यों में सत्ता का सहज हस्तांतरण विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीच होता रहा है। यदि इसकी तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के बाद पराजय होने पर 'कैपिटाल हिल' में बचे बवाल से करें तो भारतीय राजनेताओं की परिपक्वता प्रकट होती है जो चुनावों में कड़वे विचार-विमर्श व कटु प्रचार के बावजूद 'व्यवस्था' बनाए रखने में एक दूसरे का सहयोग करते हैं। लेकिन इन तथ्यों के साथ ही इस स्थिति पर भी गौर करना जरूरी है कि पिछले 10-12 साल में राजनीतिक व चुनावी कटुता तथा 'असहिष्णुता' की भावना बढ़ी है। भारत ने स्वतंत्रता के बाद समाजवादी या पूंजीवादी व्यवस्था अपनाने के बजाय 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' अपनाई, पर पिछले वर्षों में निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र लगातार सिकुड़ता लग रहा है। आज अनेक कारणों से स्थायी व सुनिश्चित नौकरियों के स्थान पर आउटसोर्सिंग व संविदा श्रमिकों की संख्या बढ़ती जा रही है तथा लंबे समय तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सुरक्षा देने वाली 'पुरानी पेंशन योजना' समाप्त कर दी गई है। तटस्थ दृष्टिकोण से आंकलन करें तो इन स्थितियों के पीछे लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों का योगदान है।

# सुपारी देकर कराई थी अनिल सोती की हत्या

### पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)। करोड़पति अनिल कुमार सोती की गला घोंटकर की गाई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 82 वर्षीय सोती की हत्या सुपारी देकर कराई गाई थी। हत्या का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है।**



नगर क्षेत्र में नूरपुर मार्ग स्थित 28 बीघा के बाग में बनाई गई कोठी में अनिल कुमार सोती अकेले रहते थे। 7 अगस्त की सुबह करीब छह बजे उनका शव कोठी के अंदर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या की जांच शुरू की थी।

मृतक के भांजे आलोक शर्मा निवासी दिल्ली की ओर से सगे अनिल सोती के भतीजे गौरव सोती, शैलेंद्र खन्ना, सुनील खन्ना और नवेद आढ़ती के खिलाफ भूमि विवाद को लेकर साजिश रचकर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थी।उक्त टीमो ने घटना के खुलासे के लिए कोलकाता तक की खाक छानी। नामजद आरोपियों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और घटना से पहले तथा बाद की बातचीत की जांच की। मोबाइल लोकेशन के जरिए भी संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाया गया।

इसके अलावा पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही मृतक के करीबियों और नामजद आरोपियों से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में पुलिस को अहम सुराग मिले,जिनके आधार पर हत्याकांड का खुलासा हुआ। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने बीना, अंजुम उर्फ़ निशा,सुभाष और अज़ीमुद्दीन आदि को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि अनिल सोती की हत्या भूमि विवाद में सुपारी देकर कराई गई है। पुलिस द्वारा मामले का पूरा खुलासा आज शाम प्रेस कांफ्रेंस में किया जायेगा।

# खैर की लकड़ी के साथ पकड़े गये दो लोगों को जेल भेजा



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अमानगढ़ वन क्षेत्र में खैर की लकड़ी काटते गिरफ्तार किये गये दो व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया है जबकि उनके बाकी साथियों की तेजी से तलाश की जा रही है। यह जानकारी देते हुए अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि सोमवार की प्रात: रानी नंगल सेक्शन की जसपुर मौजा बीट में स्थानीय वनकर्मियों के गश्ती दल ने कक्ष संख्या 6 ए में बनेली नदी के किनारे खैर के पेड़ काट रहे दो व्यक्तियों को काटी गई लकड़ियों सहित दबोच लिया जबकि उनके तीन साथी भाग निकले। अंकिता किशोर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों कुलविंदर सिंह पुत्र जसविंदर सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) व पाला सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम रानी नांगल थाना रेहड़ एवं उनके द्वारा बताए गए तीन फरार साथियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। अंकिता किशोर ने बताया कि सीमावर्ती वन रेंज क्षेत्रों से भी आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जानकारी खंगाली जा रही है। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वालों में वन दरोगा फूल सिंह एवं वन दरोगा मजहरूल हसन सहित गौरव, मनोज व मंसूर आदि वनकर्मी शामिल रहे।

# श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को नमन किया




**नजीबाबाद (चिंगारी)।** श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय गान के साथ ध्वजारोहण किया। सबसे पहले राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् सभी के द्वारा सामूहिक रूप से गाकर राष्ट्र को नमन किया गया। ग्रुप 1 में रूमैशा, आद्यशा, सिद्रा व चंदा ने तिरंगा गाने पर नृत्य किया। नित्या, आद्यशा, रितिका, तनीशा, अनाकिया, अनभ्या, रिया, सोनाक्षी, जसप्रीत, साद व अरशद ने ग्रुप 2 के अन्तर्गत तेरा दिया मेरे भारत नृत्य से सबके दिलों में देशभक्ति की भावना भर दी। ग्रुप 3 के मां से है नारी में भार्गव, तनुष, अयान, अर्पित, ग्रुप 4 के संदेशे आते हैं में अदिति, लक्षिता, नित्या, तेजस्विनी व चाहत द्वारा सुंदर नृत्य कर भव्य प्रस्तुति दी गयी। अंग्रेजी में इमरान व हिंदी में सुहान के भाषणों से स्कूल का वातावरण राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत हो गया। प्रत्येक ग्रुप की विशिष्ट वेशभूषा को संयोजना को देखकर सभी अतिथियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। कृष्ण भूमि पंडित व अक्षिता वर्मा के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में श्रीमती रचना शर्मा, शीतल, हितांशी, मानसी, चित्रांश, अक्षिता, कृष्ण भूमि एवं निकिता आदि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का एवं सहायकों का सहयोग रहा। अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं, बल्कि मन, विचार व भावनाओं की स्वतंत्रता भी है।

# जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल मौहल्ला जाब्तागंज में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी शमीम पूर्व तहसीलदार एवं संचालन कुमारी सारा शाहिद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयशा द्वारा ध्वजारोहण से किया गया। राष्ट्रगान के बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए देश की आजादी के लिए अपनी न्योछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस खान, आदिल अतहर आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य किश्वर जहां ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।



स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते शिक्षक।

# डीएम व एसपी ने मोटा महादेव पर भंडारे में प्रसाद वितरित किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा कांवड़ यात्रा पर नजर बनाए हुए है। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जनपद के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सोमवार को नागपंचमी होने के कारण पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। डीएम व एसपी जनपद में कांवड़ मार्गो का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र के प्रसिद्ध मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए। मंदिर परिसर में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं से बातचीत कर प्रसाद वितरित किया। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि जगह-जगह पुलिस बल तैनात है। सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जा रही है। यातायात सुचारू रखने के लिए भी विशेष ड्यूटी लगाई गई है। डीएम जसजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी व आपातकालीन सेवाओं को हर समय सक्रिय रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने भी यूपी उत्तराखंड बॉर्डर व मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम शैलेन्द्र कुमार, सीओ आकांक्षा गौतम, टीएसआई रवि नैन, मंडावली थाना प्रभारी विरेन्द्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।


## स्वतंत्रता दिवस पर विजन कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विजन कॉलेज परिसर में भारत का 80 वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा व देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपना दल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट एवं विशेष अतिथि मेजर दानिश फारूकी (इंडियन आर्मी), इस्लामी फण्ड के प्रबन्धक नफीस खान, मौ. इशहाक, कॉलेज के निदेशक डॉ0 मौ0 अय्यूब एवं सभी शिक्षकगण के संयुक्त ध्वजारोहण के साथ हुआ। लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी व देश के वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर मेजर दानिश फारूकी ने विजन कॉलेज के छात्र/छात्राओं को आजादी का असल मतलब व उसे पाने का असली मकसद समझाया। ध्वजारोहण के बाद छात्रों द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास व आधुनिक भारत के समक्ष चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। तथा सुन्दर नाटिका का मंचन किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में विशेष रूप से एड. हसीन खां, मौ. शमशाद, अनीस अहमद खां, मौ. साबिर, मौ. फरहान ने देशभक्ति के नगमों से कॉलेज परिसर के पूरे माहौल को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। समारोह में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोबीन हसन, आयुष डेरेन, हर्ष, कु. मन्तशा, मौ. गुफरान काजी, मौ. अनवार, जावेद हमीद, कु. अनुशा, कु. विदुशी, आकाश, धनवती, सुशील, राहुल आदि का विशेष सहयोग रहा।




## नाग पंचमी पर विधि विधान से पूजा अर्चना की

नजीबाबाद (चिंगारी)। सावन माह के तीसरे सोमवार के साथ ही नागपंचमी पर्व भी मनाया गया। नगर के विभिन्न शिवालयों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं ने भगवान शिवशंकर व नाग देवता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं जल अभिषेक किया एवं श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर नाग-नागिन की आकृति चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। वेद पाठी पंडित मयंक भारद्वाज ने बताया नाग पंचमी का पर्व सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। नागों का भगवान शिव से भी खास संबंध माना गया है। भगवान शिव के गले में नाग विराजमान हैं, इसलिए नाग पंचमी का पर्व शिव उपासना से भी जुड़ा हुआ है।



## डीएम से की नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक के तबादले की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील परिसर में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नगर के वरिष्ठ पत्रकार राजपाल चौहान ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में तैनात राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने व उनका यहां से स्थानांतरण की मांग की। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया कि राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान वर्ष 2017 से नजीबाबाद नगर पालिका में कार्यरत हैं। शासन के नियमानुसार किसी भी राजस्व निरीक्षक की तैनाती एक जिले में अधिकतम 3 वर्ष व मंडल स्तर पर 7 वर्ष ही हो सकती है। आरोप है कि नजीबाबाद में इस नियम का खुला उल्लंघन करते हुए उन्हें लंबे समय से एक ही स्थान पर बनाए रखा गया है। पत्रकार राजपाल चौहान ने पत्र में उल्लेख किया कि उक्त कर्मचारी की इतने लंबे समय से नियम विरुद्ध तैनाती के कारण नगर पालिका के कार्य संतोषजनक ढंग से नहीं हो रहे हैं, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राजस्व निरीक्षक के स्थानांतरण की संस्तुति करने व शासन के आदेशों की अवहेलना पर रोक लगाने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम जसजीत कौर ने शिकायत पत्र का संज्ञान लेते हुए एसडीएम शैलेन्द्र कुमार को पूरे प्रकरण की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने दिव्य रूद्राभिषेक व अध्यात्मिक पूजन कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आर्ट ऑफ लिविंग नजीबाबाद के तत्वावधान में श्रावण मास के अवसर पर दिव्य रुद्राभिषेक एवं आध्यात्मिक पूजन डॉ. एके गर्ग के निवास पर श्रद्धा व भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार व भगवान शिव के स्तवन से समूचे वातावरण में भक्ति की लहर उठ गयी। अनुष्ठान को सम्पन्न कराने के लिए बैंगलुरू स्थित अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से पंडित स्वामी बिश्वासजित अधिकारी विशेष रूप से आये। उनके सानिध्य में वैदिक पंडित आकाश व पंडित नरेन्द्र ने रुद्र मंत्रों का गान किया। श्री रुद्र पाठ गूंज से सारा क्षेत्र शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का अभिषेक कर विश्व शांति, सुख समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, उत्तम स्वास्थ्य व समस्त मानव कल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इस आध्यात्मिक आयोजन में श्रीमती अरुणा जुयाल, प्रोफेसर शुभा माहेश्वरी, डॉ. सुधा चावला ने भजन सुनाकर जन समुदाय को भाव विभोर कर दिए। आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल एवं शिक्षक शुभम शर्मा ने बताया कि पूजा में बैठना पूर्णता देता है। सभी को सेवा, साधना व सत्संग को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्व विख्यात संस्था आर्ट ऑफ लिविंग पूरे श्रावण मास में समस्त भारत में प्रतिदिन मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन कर वातावरण को शुद्ध तथा सकारात्मक ऊर्जा का विस्तार करती है। इस अवसर पर बहुत से श्रद्धालुओं साधकों ने अपने परिवार सहित सहभागिता की। अंत में प्रसाद वितरण के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। डॉ. एके गर्ग एवं श्रीमती कुमकुम गर्ग ने आश्रम से आए पंडितों, आर्ट ऑफ लिविंग के साधकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।





महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


# अल्हैपुर विकास खण्ड की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** विकास खंड अल्हैपुर के संयोजन में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ मुन्नी देवी मंदिर से हुआ। यात्रा स्योहारा मार्ग से होते हुए विकासखंड अल्हैपुर परिसर पहुंची।

यात्रा का नेतृत्व प्रियंकर राणा, ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, नीरज प्रताप सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने किया। ब्लॉक परिसर पहुंचने के बाद शहीद स्मारक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता का संकल्प लिया गया। तिरंगा यात्रा के ब्लॉक परिसर पहुंचने से पहले परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। युवा भाजपा नेता प्रियंकर राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रशासक क्षमा हेमलता चौहान, नीरज प्रताप सिंह, त्रिलोकचंद समेत अन्यो ने हाथों में झाडू लेकर परिसर की साफ-सफाई की।



तिरंगा रैली में शामिल राणा प्रियंकर सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रशासक।

## मदरसे में डॉ. कमाल ने फहराया 'तिरंगा'

**धामपुर ( चिंगारी )।** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर इस्लामिया अरबिया जूनियर हाई स्कूल में ध्वजारोहण प्रबंधक डॉ. कमाल अहमद व अध्यक्ष हाजी मोहम्मद आफाक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक डॉ. फरीदुरहमान, मौलाना इदरीस अहमद, पूर्व प्रधान अध्यापक मौहम्मद सुलेमान, अफजाल अहमद, शबीना, नदीम अहमद, शमीम अहमद, मोहम्मद शमशेर अली, मोहम्मद आसिफ खान, मौलाना अब्दुल रज्जाक, हाफिज जियाउद्दीन, कारी नूर आलम ने विचार व्यक्त किये। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति का वातावरण पैदा कर दिया।



ध्वजारोहण करते डॉक्टर कमाल अहमद।



## कु. प्रार्थना तीज क्वीन बनी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल, धामपुर में तीज उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता द्वारा भगवान गणेश की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को मनोरंजक एवं आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। तीज प्रतियोगिता में मिस प्रार्थना तीज क्वीन चुनी गई। जिनको प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

चिंगारी
धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

## सुभाष हॉल पर पालिकाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**धामपुर ( चिंगारी )। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद धामपुर के सुभाष हाल पर ध्वजारोहण नगर पालिका धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह व अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया।**

## सिंचाई खंड में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। अधिशासी अभियंता अरुण सचदेवा ने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरुण सचदेवा ने कहा कि देश की आजादी असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। कार्यक्रम में सहायक अभियन्ता पी.के. जैन, विपिन गौतम, जू.इं. नवीन शर्मा, गजेंद्र सिंह, प्रधान सहायक सुनील कुमार, सुधीर गोपाल, वरिष्ठ सहायक पुनीत कुमार, पवन कुमार, खेवेन्द्र सिंह, विपिन कुमार, शिवकुमार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रधान सहायक राजाराम ने किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई नाग पंचमी

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में नाग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विपिन कुमार शर्मा ने नाग पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने यमुना नदी के जल को कलिया नाग के विष से मुक्त कराया था। आचार्य भूपेंद्र कुमार ने सर्पो के प्राकृतिक महत्व को समझाते हुए कहा कि सर्प वातावरण को शुद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में प्रत्येक छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जीव का अपना महत्व है।

## वरिष्ठ नागरिकों ने बैठक में लिये अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति की आर्य समाज मंदिर धामपुर में जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार चौहान की अध्यक्षता तथा शिवकुमार सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।



बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक।

बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की रेलवे की समस्या को लेकर निर्णय किया गया कि पहले रेल यात्रा के दौरान वरिष्ठ महिलाओं को 50 प्रतिशत तथा वरिष्ठ पुरुषों को 40 प्रतिशत छूट मिलती थी, लेकिन रेल मंत्रालय द्वारा इसे बंद कर दिया गया है। इस संबंध में रेल मंत्री को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा का लाभ दिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को वरिष्ठ पुरुषों के लिए भी मुफ्त यात्रा करने की

### रोडवेज बसों में वरिष्ठ पुरुषों को भी मुफ्त यात्रा की मांग

सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उप जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जेन जी के साथ अपराधी तत्व मिलकर तरह-तरह के धरने प्रदर्शन करते हैं। उनकी पहचान वरिष्ठ द्वारा की जाएगी और प्रशासन को इस संबंध में मदद दी जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सफाई तथा वृक्षारोपण का अभियान भी चलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने कहा कि हर वरिष्ठ नागरिक को प्रातः योग ,प्राणायाम तथा एक्सरसाइज करके अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

बैठक में वरिष्ठ कवयित्री सारंग देश असीम, कवि राम सिंह सैनी, हरीराज सिंह, देवेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर कविताएं सुनाईं। मीटिंग में राम अवतार सिंह, शेर सिंह, राकेश चमोली, गोपाल दास बिष्ट, जगदीश सिंह, खजान सिंह, रामस्वरूप सिंह, धर्मपाल सिंह, यशपाल राणा, विजयपाल सिंह, विनोद चांदना आदि उपस्थित रहे।

# हीमपुर दीपा में स्वतंत्रता दिवस पर जगी राष्ट्रभक्ति की अलख

**डा. श्रवण कुमार गुप्ता**

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वक्ताओं ने आजादी के आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए शहीदों को नमन किया।

दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। विद्यालय भवन पर प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह एवं प्रबंधक चंद्रपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गान, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, वंदे मातरम, एनसीसी व स्काउट से संबंधित लघु नाटिका आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।


दयानंद जनता इंटर कॉलेज



सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर

प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह ने देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए शिक्षा, खेल और अनुशासन पर जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक रमेश चंद, समिति अध्यक्ष जयपाल सिंह, समर सिंह, हेमेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन मा. विजेंद्र सिंह और कमल कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर उलेढा में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। प्रबंधक मा. अजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में भैया-बहनों की मनमोहक प्रस्तुतियों को सराहा गया। आचार्य परिवार का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह ने अपने संबोधन में देश के अमर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी अनंगपाल सिंह, मा. चेतराम सिंह, अजय सिंह अमीन, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार प्रधान, संघ के खंड कार्यवाह हीमपुर दीपा गौरव वशिष्ठ, सतवीर सिंह आदि की उपस्थिति रही। संचालन बहन राधिका द्वारा किया गया। इस दौरान सभी भैया-बहनों को पुरस्कार वितरण किए गए और पटका पहनाकर अतिथियों का सत्कार किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा क्षेत्र के फतेहपुर कलां गांव में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बुजुर्गों की दौड़ आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कर देश के अमर शहीदों को नमन किया गया। रतनपुर खुर्द स्थित ग्राम सचिवालय भवन पर ग्राम प्रधान प्रशासक पति मास्टर दुष्यंत कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्राथमिक विद्यालय रतनपुर खुर्द में सेवानिवृत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।

TATA MOTORS | Better Always
COMMERCIAL VEHICLES
TATA

INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# आधारशिला स्कूल में हुई देशभक्ति गीत प्रतियोगिता



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला द स्कूल में एकल देशभक्ति गीत प्रतियोगिता एवं लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों सदन- नीलगिरी हाउस, विंध्याचल हाउस, अरावली हाउस और हिमालय हाउस ने प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इसके पश्चात् प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 3 वर्गों में विभाजित थी- प्रथम समूह ( कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यार्थी), द्वितीय समूह (कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थी) एवं तृतीय समूह (कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थी) शामिल रहे। देशभक्ति एकल गीत गायन प्रतियोगिता एवं लघुनाटिका मंचन प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ब्रजभान सिंह के निर्देशन में तरु राजपूत (11 अ) , अवनि ढाका (10 अ) तथा काव्या सैलानी (8 द) की छात्राओं ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल-कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# बिजनौर में हुई इंटर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राज मिलन बैंकट हॉल में ताइक्वांडो एसोसिएशन बिजनौर द्वारा 14वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जितेंद्र नरूला व विशिष्ट अतिथि अंकित गौर, ओमेंद्र सालन, सुनील तोमर, शुभम चौधरी, आरिफ रहे। इस प्रतियोगिता में 6 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अनिका सिंघल, अघरीत गोयल, जिशान्त सिसोदिया, अर्श, वेद मित्तल खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल, अक्षा, कशिश, रूही, आलिया आदि खिलाड़ियों ने सिल्वर और प्रज्ञा, काजल आदि ने ब्रांज मेडल जीता। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति में हिमांशु भारती, उज्वल, हर्ष, मीनाक्षी तोमर, झलक, कामिया, अजय, श्रेयांश, हाकेमीन हसीब, वैष्णवी, शंकर आदि रहे। प्रतियोगिता में दीपिका, शिवानी, मौ. नदीम, पारुल भारती, कपिल, बिजेन्द्र चौहान, रोहित कुमार आदि कोच उपस्थित रहे।



# कांग्रेस नेता अफजल कुरैशी के बड़े भाई के इंतकाल पर शोक

चांदपुर ( चिंगारी )। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अफजल कुरैशी के बड़े भाई अशरफ कुरैशी का बीती रात इंतकाल हो गया, उनकी आयु लगभग 70 वर्ष थी। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके इंतकाल की ख़बर से उनके मुहल्ला काजीजादगान स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालो का तांता लग गया। मृतक अशरफ कुरैशी कैरम के बेहतरीन खिलाड़ी थे। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गए है। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

# सर्वसमाज के 60 बुजुर्गों को सम्मानित कर नगर पंचायत ने दिया सामाजिक एकता का संदेश




**झालू ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत झालू की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सर्व समाज के करीब 60 बुजुर्गों एवं स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। एक साथ सभी समाज के बुजुर्गों के सम्मान की पहल ने नगर में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल देश की आजादी का पर्व नहीं, बल्कि उन लोगों के त्याग, संघर्ष और योगदान को याद करने का अवसर भी है, जिन्होंने समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपना जीवन समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की जीवंत धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देने का काम करते हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन नगर के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। आज की पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बुजुर्गों के अनुभवों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि झालू के इतिहास में पहली बार सर्वसमाज के बुजुर्गों को एक साथ आमंत्रित कर सम्मानित करने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य किसी एक वर्ग को महत्व देना नहीं, बल्कि पूरे नगर को एक परिवार के रूप में जोड़ना है। सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और बुजुर्गों के प्रति सम्मान ही मजबूत समाज की पहचान है।

सम्मानित बुजुर्गों ने नगर पंचायत की पहल की सराहना करते हुए नगर के विकास एवं जनहित के कार्यों में अपना सहयोग और मार्गदर्शन जारी रखने का भरोसा दिलाया। सम्मान समारोह के दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और भावुकता दिखाई दी।

कार्यक्रम में सर्वसमाज के बुजुर्गों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, नगर पंचायत सभासदों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# देशभक्ति से सराबोर रहा आरपीएस स्कूल का वातावरण



**चंदक ( चिंगारी )।** आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल, चंदक में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और तिरंगे की छटा से सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. बीरबल सिंह, प्रबंधक श्री तपराज सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक एवं उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को दोहराने का दिन है।

# मदरसा मुबारक उल उलूम में मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**नगीना ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर मदरसा मुबारक-उल-उलूम में एजुकेशन ट्री के डायरेक्टर शादाब सुलतान राईन ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति के नारे लगाए गए। ध्वजारोहण के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। वक्ताओं ने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मौलाना इस्लामुद्दीन, हाफिज अतीक, हाफिज बिलाल, सभासद अरीब राईन, जुहैब शमसी, खालिद राईन, राजा सिद्दीकी, शानू अल्वी आदि मौजूद रहे।

# मीनाक्षी भार्गव चुनी गईं तीज क्वीन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गीता नगरी में महिलाओं ने तीज हरियाली महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। गीत गाये, झूला झूला, गेम्स खेल, मेहंदी रचाई। मीनाक्षी भार्गव को तीज क्वीन का खिताब मिला। प्रोग्राम में महिमा शर्मा, डोली, मीनाक्षी कुशवाहा, नेहा जोली, पूजा, रश्मि वर्मा, संजना जैन, शिवानी शर्मा, वैशाली जैन, अंशु मलिक, मीनाक्षी भार्गव, राजेश्वरी सिंह इत्यादि महिलाओं ने आनंद लिया।

# झालू में धूमधाम के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के मुख्य बाजार स्थित झंडा चौक पर भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की सुंदर प्रस्तुति करने वाली छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजय कुमार डैनी, अनूप अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नितिन शर्मा, पंकज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल,फैज एड., नाईल, सोम प्रकाश, मधुर आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर आदर्श प्रेस क्लब झालू के क्लब कार्यालय पर क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर पत्रकार व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा सर सैयद एकेडमी झालू में सुदेश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में प्रबंधक मास्टर इरफान एहमद द्वारा झंडा फहराया गया। इसके अलावा नगर के अन्य सभी शैक्षिक संस्थाओं व सरकारी कार्यालयों पर भी हर्षोउल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया।

# सावन क्वीन चुनी गईं खुशबू कर्णवाल एवं तीज क्वीन नीति सरीन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायंस क्लब बिजनौर समर्पण द्वारा तीज महोत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती खुशबू कर्णवाल, शुचि गोयल व प्रेजिडेंट कनक, सेक्रेटरी प्रीति एवं ट्रेजरर दीपाली द्वारा भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिले के सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी बुजर्गों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया गया। तीज के पारंपरिक रंग में सजे इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सावन क्वीन का ताज खुशबू कर्णवाल को, और तीज क्वीन का ताज नीति सरीन पहनाया गया। नीतू, राशि और विशाखा ने अपनी डांस प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

# सामूहिक राष्ट्रगान में शामिल हुए लोग बहुत सारे, गूंजे देशभक्ति के नारे

## समर्पण सेवा संस्थान की ओर से सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन



गांधी मूर्ति तिराहे पर सामूहिक राष्ट्रगान में शामिल अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी।

**नगीना ( चिंगारी )।** समर्पण सेवा संस्थान की ओर से आयोजित 12वें सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान झंडा चौक देशभक्ति के नारों से गूंज गया। गांधी मूर्ति तिराहे पर कार्यक्रम का संचालन संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहन ने किया। समारोह में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में नगीना में काज़ी कुदरत अली के नेतृत्व में अंग्रेजों को विद्रोह करने व 52 लोगों के साथ बलिदान को करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में उनके प्रपोत्र काजी अरशद मसूद को उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार व अनुसूचित आयोग के सदस्य लवकुश कुमार द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के सदस्य लवकुश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में देशभक्ति की भावना का विकास होता है। एसडीएम प्रिंस कुमार ने कहा कि लोगों को देश के लिए समर्पित रहकर देशहित में कार्य करने चाहिए। पूर्व सांसद मुंशीराम पाल ने कहा कि देश जाति और धर्म से ऊपर होता है। देश हित के लिए सभी को एकजुट रहना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम व सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। सचिव सचिन रुहेला, सदस्य धर्मेंद्र राठी, अरुण शर्मा, ओमपाल सैनी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया।




वरिष्ठ कांग्रेसी नेता काजी अरशद मसूद को उनके परिवार को देश की आजादी में योगदान के लिए सम्मानित करते अतिथि।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, गन्ना समिति के अध्यक्ष अनिल राणा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री कयूम राइन, मंडल उपाध्यक्ष लवी मित्तल, गर्वित चौधरी, अनुज वर्मा, मंडल मंत्री सरदार हरमीत सिंह, अतुल भारती, इंदु ठकुराल, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, समाजसेवी शेख नगीनवी, मोहित गर्ग, मोहित गोयल, मरगूबुर रहमान, तिलकराज मुठरेजा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष हर्ष गोयल, उमेश शर्मा, अमित जैन, आशा महेश्वरी, साधन सहकारी समिति काज़ीपुर इम्मा के चेयरमैन मनोज कुमार, चौधरी दिग्विजय सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज फहराया शान से वातावरण गूंजा राष्ट्रगान से



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र के सभी स्कूलों, मदरसों, शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। देशभक्ति के गीतों और नारों से माहौल क़ौमी जज़्बे से सराबोर रहा। मुस्लिम इमदादी सोसाइटी में एमडी शहज़ाद एडवोकेट, मैनेजर फिरासतुल्ला नम्बरदार, अशरफ़ अब्बासी तथा जाहिद अली खान ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनिल कुमार प्रेमी ने ध्वजारोहण किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष सिंह ने राष्ट्रध्वज फहराया। दोनों शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मदरसा रियाजुल उलूम जामा मस्जिद में शेख इरशाद हुसैन, कारी अब्दुल रहमान, मुफ्ती नईम अहमद तथा अनीस अहमद ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। इस अवसर पर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की गई। मदरसा आलिया रियाजुल उलूम दहलावाला में मैनेजर डॉ. शमीम अहमद, मौलाना मौ. फारुक, प्रधान तेजपाल सिंह तथा मौलाना रईस अहमद ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को याद किया। मदरसा मदीनातुल उलूम में मदरसे के मोहतमिम कारी शमीम अहमद, मुफ्ती सईदुर्रहमान, डॉ. गुलशन अंसारी, मुफ्ती जमशेद आलम, हाजी मुस्तकीम आदि ने झण्डा फहराया और छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीत नज़्में, तकबीर करके सबका दिल जीत लिया। वहीं कासमपुर गढ़ी में इसलाही अकेडमी में भी ध्वाजारोहण स्कूल के प्रबन्धक हाफिज़ मास्टर मोहम्मद अनस, हाफिज़ मोहम्मद अय्यूब आदि द्वारा किया गया और छात्र-छात्राओं ने देश के इतिहास पर रौशनी डाली।

## स्वतंत्रता दिवस पर संध्या व प्रियांशु सम्मानित



प्रियांशु कुमार संध्या कुमारी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कंपोजिट स्कूल नारायणवाला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में 2025-26 की राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा संध्या कुमारी एवं विज्ञान की इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में पास हुए विद्यालय के कक्षा 7 के छात्र प्रियांशु कुमार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान ने बताया कि इन बच्चों ने विद्यालय एवं अपने-अपने परिवार का जो नाम रोशन किया है विद्यालय परिवार को इन पर गर्व है।

# महामृत्युंजय मंदिर में धूमधाम से मनाया हरियाली तीज उत्सव झूला झूलकर महिलाओं ने गाए सावन के लोकगीत



**झालू ( चिंगारी )।** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में महामृत्युंजय मंदिर परिसर में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम चार बजे से शुरू हुआ कार्यक्रम रात करीब आठ बजे तक चला। इस दौरान मंदिर परिसर महिलाओं और युवतियों की भीड़ से गुलजार रहा। महिलाओं ने झूला झूलकर, सावन के लोकगीत गाकर और विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर तीज उत्सव की खुशियां मनाईं। हरियाली तीज के अवसर पर महामृत्युंजय मंदिर परिवार की ओर से विशेष आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ के नीचे पारंपरिक अंदाज में झूला लगाया गया। महिलाओं ने बारी-बारी से झूला झूला और सावन के पारंपरिक लोकगीत गाकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। झूला झूलते हुए महिलाओं ने सावन की पुरानी यादों को भी ताजा किया। उत्सव में डीजे और ढोल-नगाड़ों की भी व्यवस्था की गई थी। डीजे पर सावन और तीज के गीत बजते ही महिलाओं और युवतियों ने जमकर नृत्य किया। महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के गेम भी आयोजित किए गए। बच्चों के लिये मंदिर परिसर में जंपिंग झपाक, मिकी माउस आदि झूले लगाए गए थे, जिनका बच्चों ने जमकर आनंद लिया। महामृत्युंजय मंदिर परिवार की ओर से आयोजित हरियाली तीज उत्सव में भक्ति, परंपरा, संगीत और मनोरंजन का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में महिमा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, नीरा अग्रवाल, भावना, दीपिका, महक, मंजू अग्रवाल, निधि अग्रवाल, यशोदा शर्मा, सरिता, कामना, नीतू, शिक्षा, ममता, रीना अग्रवाल, तनु अग्रवाल, चिंकी अग्रवाल, आस्था, नित्या, स्वाति शर्मा और शिल्पी आदि महिलाएं रहीं।

# मीनाक्षी गोयल बनीं तीज क्वीन



**नगीना ( चिंगारी )।** सराफा बाजार में आयोजित तीज उत्सव में मीनाक्षी गोयल को तीज क्वीन चुना गया। ट्रांसपोर्टर शलभ गोयल के आवास पर उनकी पुत्रवधू मेघना की प्रथम तीज के उपलक्ष में तीज उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं आकर्षक वेशभूषा में तैयार हुईं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने शिव भजन और तीज गीतों पर मनमोहक नृत्य भी किया। महिलाओं ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय परंपराओं और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक एकता को मजबूत करते हैं। तीज के गीतों पर महिलाओं ने झूलों का आनंद लिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीज क्वीन चुनने के लिए महिलाओं से कई ज्ञानवर्धक सवाल पूछे गए। व्यापारी हर्ष गोयल की पत्नी मीनाक्षी गोयल के तीज क्वीन चुने जाने पर उन्हें ताज पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम गोयल, तरू गोयल, श्वेता गोयल, संगीता, रेखा अग्रवाल, बबीता माहेश्वरी, अनु अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, स्वाति, ज्योति कटारिया, पवन कटारिया, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर सिटी ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ फहराया तिरंगा, हॉकी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर सिटी द्वारा 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व वरिष्ठ नागरिक क्लब के साथ मिलकर जीएल आभा सिंह एवं जीएल पूनम सिंह के निवास स्थान पर अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराकर और उत्साहपूर्वक संपूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए अद्वितीय बलिदानों व कष्टों को नमन किया। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में खेल के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाली जिला स्तरीय हॉकी खिलाड़ी साक्षी साहनी और दिव्या कुमारी को उनकी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतने की शानदार उपलब्धियों के लिए स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। स्वर्णिमा रेडियंस विद पर्पज की भावना के साथ आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्लब गोल्डन लायनेस बिजनौर सिटी की अध्यक्ष जीएल सुरभि जैन, सचिव जीएल दीना भाटिया, कोषाध्यक्ष जीएल मंजू शर्मा तथा क्लब की अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों की सक्रिय व उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह आयोजन देशभक्ति और सामाजिक प्रेरणा का केंद्र बना।

# ...हम आपस में प्यार नहीं कर सकते क्या?

## नगीना में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन व मुशायरा

**नगीना ( चिंगारी )।** आजादी की सालगिरह के मौके पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन व मुशायरे में कवि व शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया। सुबह तड़के चार बजे तक चले कार्यक्रम में कवि व शायरों ने अपनी रचनाओं से लोगों को पूरी रात बांधे रखा।

एमएम इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुए राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन व मुशायरे का शुभारंभ समाजसेविका डॉ. अंजु बिश्नोई ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, मोहम्मद नईम,काजी अरशद मसूद,चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, बहार शम्सी आदि की मौजूदगी में शमा रोशन कर किया। समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील ने सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुशायरे में अपने कलाम पेश करते हुए मालेगांव महाराष्ट्र से आए मशहूर शायर अल्ताफ जिया ने यूं कहा 'उसे वक्त समझ लेना कयामत की घड़ी, जब आईना सच कहने से इनकार करेगा'। देहरादून निवासी सत्येंद्र शर्मा 'तरंग' ने कहा 'सबसे प्यारा जग में भारत, इसके गुण सब गाते हैं', वारिस वारसी ने कहा 'हम ऐसे लोगों को सलाम करते हैं, सुनहरी यादों का जो अहतमाम करते हैं', वीरेंद्र बेताब ने कहा 'तेरे घर की हर एक खुशी छीन लेगा, नशा मौत है जिंदगी छीन लेगा', रुड़की निवासी सज्जाद झंझट ने फरमाया 'इतना तरसाया है शादी की तमन्ना ने मुझे, अब तो हर शख्स में अपना ससुर लगता है', मेहनाज स्योहारवी ने कहा 'किसी हमनवां के साथ धोखा नहीं करते, हम एहले जिक्र है, इंसान का सौदा नहीं करते', रुड़की निवासी सालिम मिर्जा ने फरमाया 'राहों को हमवार नहीं कर सकते क्या, सहरा को गुलजार नहीं कर सकते क्या, नफ़रत की, हम आपस में प्यार नहीं कर सकते क्या', आदि रचनाएं पेश कीं। इसके अतिरिक्त फारूक बिजनौरी, रफी बढ़ापुरी, शामली के अजीत सिंह, सुनील साहिल, मोनिका मंतशा, हुड़दंग नगीनवी, आबिद वफ़ा सहारनपुर, प्रदीप डेजी नजीबाबादी आदि ने भी अपनी रचनाएं पेश कीं। इस मौके पर अतीक भारती, बदर मुनीम, आफताब मुल्तानी, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर आदि मौजूद रहे।



कवि सम्मेलन व मुशायरे का शमा रोशन कर शुभारंभ करते अतिथि।

## कई दिन से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के विद्युत ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से फुंक गया, जिसके कारण पूरे गांव की विद्युत व्यवस्था पिछले कई रोज से ठप्प है। विभाग के संविदाकर्मियों को सूचना दी गई, लेकिन वह भी लगभग दस हजार का खर्चा बताकर लौट गए, जिसके कारण विद्युत उपभोक्ताओं में आक्रोश है। राजीव, संजीव, विकास, सचिन, सोनू, ज्ञानी, प्रशांत आदि ने बताया कि संबंधित जेई के मोबाइल नंबर पर कॉल की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। आक्रोशित लोगों ने अतिशीघ्र विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



## व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि करता है देवताओं का आशीर्वाद-केदारनाथ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर यज्ञ हवन में देवताओं के आशीर्वाद को व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि करने वाला बताया गया। साहू केदारनाथ ने यज्ञ कराया। उन्होंने बताया कि जब श्रद्धालु विधि विधानपूर्वक यज्ञ हवन करता है तो उसे देवताओं का आशीर्वाद मिलता है, इससे उसके सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस अवसर पर श्रीमती दिव्या सिंह, बिजेन्द्र राठी, विनय चौहान, श्रीमती सर्वेश रानी, कुमारी ईशिता, रुपेश कुमार के जन्मदिन के पावन अवसर पर विशेष वेद मंत्रों से आहुतियां देकर देवताओं का आशीर्वाद दिया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। यज्ञ में ओमपाल सिंह, बिजेन्द्र राठी, कमलेश शर्मा, सुरेशचंद गुप्ता, दीप्ति शर्मा, कुशाग्र, नर्मदा साहू, सोरन सिंह, सरोज देवी, चंद्रपाल सिंह समेत अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# पेड़ पर चढ़े गुलदार ने बाइक पर छलांग लगाई

## पति-पत्नी घायल

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर एक गुलदार ने बाइक सवार दंपति पर अचानक हमला कर दिया। परिणामस्वरूप सड़क पर गिरकर दोनों घायल हो गए। रतनपुर खुर्द गांव निवासी शमशाद अपनी पत्नी रहीसा के साथ बाइक से बिजनौर जा रहे थे। हीमपुर दीपा से कुछ ही दूर लाला राजकुमार के खेतों के सामने सड़क किनारे पेड़ पर चढ़े गुलदार ने उन पर छलांग लगा दी। गनीमत रही कि गुलदार का निशाना चूक गया और वह बाइक के अगले पहिए से जा टकराया। राहगीरों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घटना से क्षेत्र में भय का माहौल है। भयभीत लोगों ने शासन-प्रशासन के अधिकारियों से चांदपुर-बिजनौर मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए बड़े स्तर पर गुलदार के विरुद्ध मुहिम चलाये जाने के संबंध में वन विभाग को निर्देशित कराने की मांग की है।


घायल शमशाद

**धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड**
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com  dmf_bijnor@yahoo.com

# मेधावियों को पुरस्कार स्वरूप मिली साइकिल व स्कूटी

**नगीना ( चिंगारी )।** एमएम इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के प्रांगण में हुए सम्मान कार्यक्रम में सबसे पहले हाईस्कूल में छात्राओं के वर्ग में टॉपर इशिका रानी और इंटरमीडिएट में टॉपर अफ़ज़ा, छात्र वर्ग के टॉपर कार्तिक को कॉलेज प्रबंधक ताहिरा बेगम, ईओ सतीश कुमार, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, अंजू बिश्नोई ने अपने हाथों एक-एक साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाईस्कूल में विद्यालय के टॉपर एवं ज़िले में पांचवीं रैंक लाने वाले होनहार छात्र मुनीर अहमद अंसारी को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभासद गोपाल शर्मा, मकसूद उस्मानी, शानू अहमद, सिद्दीक मुल्तानी, जहीर अनवर, अतीक भारती आदि मौजूद रहे।





## अधिवक्ता संघ ने मनाया राष्ट्रीय पर्व

**झालू ( चिंगारी )।** झालू अधिवक्ता संघ झालू के कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें संघ कार्यालय पर संघ के अध्यक्ष करतार सिंह एडवोकेट ने अपनी पोती शुभि चौधरी के साथ ध्वजारोहण किया। इस मौके पर करतार सिंह, राजीव सिंह, इसरार अहमद, अभय सिंह उर्फ हैप्पी, साजन सिंह, फैज अहमद, हितेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, उमंग काकरान, सोनू, नवनीत उर्फ बंटी चौधरी, रिहान, नरेंद्र सिंह, रजत शर्मा, अनिल चौधरी, ईकराम सोनू राणा, प्रमोद कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आम के बाग से 50 हरे-भरे पेड़ काटे

## वन विभाग ने 25 बताकर सवा लाख जुर्माना किया, मुकदमा दर्ज कराया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** ईदगाह रोड पर स्थित एक आम के बाग को ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से काट दिया गया है। अनुमति लिये बिना काटे गए आम के वृक्षों पर वन विभाग ने सवा लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही वन रक्षक दीपक ने थाने में तहरीर देकर बाग स्वामी एवं ठेकेदार सहित 4 लोगों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

क्षेत्र के मौजा खानपुर शर्फुद्दीन में ईदगाह रोड पर सलमान, जुल्फिकार, शुऐब पुत्रगण मुहम्मद अहमद निवासी मौहल्ला माहीग्रान रुड़की, उत्तराखंड का आम का हरा-भरा बाग था। बाग में 100 से अधिक पेड़ खड़े थे। इस बाग पर कटइयों की नजर थी। दो दिन पूर्व किसी समय दिलशाद पुत्र अलाउद्दीन निवासी जलालाबाद थाना नजीबाबाद ने अवैध रूप



से लगभग 50 पेड़ों को काट दिया और लकड़ी उठाकर ले गया। उधर वन विभाग ने मात्र 25 पेड़ काटे जाना दिखाया है। अवैध रूप से आम के पेड़ों की कटान की सूचना वन विभाग को मिली तो रेंजर नजीबाबाद रामकुमार ने जांच हेतु वन रक्षक को मौके पर भेजा। जांच में अवैध कटान पाया गया, वन रक्षक दीपक ने कटे वृक्षों की जड़ एवं खुड़ के निशान मौके पर पाये। वन रेंजर नजीबाबाद रामकुमार ने बताया कि 25 पेड़ के कटान पर प्रति पेड़ 5000 रुपये जुर्माना लगाया गया है, जो सवा लाख रुपये बैठता है। गौरतलब हो कि क्षेत्र में हरे-भरे आम के पेड़ों की लगातार हो रही कटाई ने वन विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे पेड़ों पर आरा चला रहे हैं, जबकि अधिकारी कार्रवाई का दावा कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि दिलशाद पुत्र अलाउद्दीन, सलमान, जुल्फिकार और शुऐब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वन रेंजर रामकुमार का कहना है कि कटान माफियाओं को छोड़ा नहीं जायेगा।

# आजादी के तरानों से गूंज उठा तिरूपति महिन्द्रा शोरूम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड स्थित देश की प्रतिष्ठित चौपहिया वाहन निर्माता कम्पनी महिन्द्रा के प.उ.प्र. के सबसे बड़े डीलर तिरुपति व्हीकल्स प्रा.लि. के शोरूम पर आजादी के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। तिरंगों की छटा से सुशोभित देशभक्ति के तराने गूंजते रहे। एम.डी. दीपक गर्ग के झण्डा फहराने के पश्चात राष्ट्रगान, वंदे मातरम व स्वतंत्रता सेनानियों के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर दीपक गर्ग ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में महिन्द्रा का विशेष योगदान है। अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, मेहनत व समर्पण भाव से करना भी देशभक्ति है। इस अवसर पर दीपक गर्ग की छोटी पौत्री वृंदा की मनमोहक मुस्कान सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। सीएम एकाउंटस विकास अग्रवाल, एम.एम आलोक, दीपक पांडे, निर्मल, सुबोध, विशाल, मुकुल जैन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



पौत्री वृंदा के साथ दीपक गर्ग।

# पूनम तोमर चुनी गईं तीज क्वीन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** इनरव्हील क्लब ऑफ चांदपुर आरोही के सदस्यों द्वारा तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूनम तोमर को तीज क्वीन चुना गया। पंचवटी में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने भगवान शिव का स्मरण एवं पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, मनोरंजक खेल एवं नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर दिया तथा आपसी प्रेम, सहयोग और महिला सशक्तिकरण की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रिंसा बस्सी के साथ क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

# अनुज त्यागी को बनाया ग्राम अध्यक्ष

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत क्षेत्र के गांव ढेला अहीर में अनुज त्यागी के आवास पर आयोजित की गई। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए अनुज त्यागी को ग्राम अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज करने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि



किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत की अध्यक्षता विजय सिंह व संचालन जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेंद्र सिंह ने किया।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य करें- महापौर

### नगर निगम में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नगर निगम में 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त श्री शिपू गिरि ने ध्वजारोहण कर देश को स्वतंत्र कराने वाले शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का भावपूर्ण स्मरण किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आज का दिन देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले देश के शहीदों को नमन करने का दिन है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, चिकित्सा, तकनीकी, स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार और उसमें हुई कई गुणा वृद्धि का विस्तार से उल्लेख करते हुए वर्ष 2047 में विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने सभी से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि 17 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना इस दिशा



में एक बड़ा कदम है। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के संकल्प का दिन है। हमारा दायित्व है कि हम प्रदेश और देश के विकास के लिए नई ऊर्जा के साथ, नये संकल्पों के साथ कार्य करें। इसके अतिरिक्त नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉक्टर संदीप मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद मुकेश गक्खड़, मंसूर बदर, राजू सिंह, ज्योति अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया। बाद में रायवाला स्थित नगर निगम के स्वतंत्रता सेनानी पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर उद्यान में भी नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सावन के सोमवार को शिव मंदिर देवलोक कॉलोनी देवेंद्र सिंह एवं तरलेश्वरी देवी के द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव अनंत कुमार के निर्देशन में डॉ. नरेंद्र सिंह एवं सोमदत्त शर्मा ने रोगियों की प्राकृतिक चिकित्सा की एक्यूप्रेशर मसाज एवं दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया।



# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ डीएम की अहम बैठक

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए 49743 आवेदन, 10235 नामों पर आपत्तियां

**देहरादून ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति साझा की गई तथा राजनीतिक दलों को प्रारूप-9, 10, 11ए और 11बी की सूचियां भी सौंपी गईं।



जिलाधिकारी ने बताया कि 13 अगस्त तक जिले में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 39,025 नागरिकों ने प्रारूप-6 में आवेदन किया है। वहीं, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रारूप-7 में 10,235 दावे/आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जबकि मतदाता सूची में विवरण संशोधन के लिए 10,718 नागरिकों ने प्रारूप-8 में आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रारूप-7 के तहत प्राप्त सभी आपत्तियों पर संबंधित बीएलओ द्वारा संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से नोटिस तामील कराया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के सात दिन बाद ही सुनवाई शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलेभर में बूथवार आयोजित होने वाले इन शिविरों में जिस मतदाता के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है और आपत्तिकर्ता, दोनों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आपत्तिकर्ता द्वारा ठोस आधार अथवा प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम अब अपने अंतिम एवं अत्यंत महत्वपूर्ण चरण में है, ऐसे में सभी राजनीतिक दलों की सक्रिय एवं रचनात्मक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि जिन नागरिकों को नोटिस तामील किए जाएंगे, उन्हें अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से संबंधित बूथ तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि सभी दावे एवं आपत्तियों का निष्पक्ष, प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रारूप-7 में मिथ्या घोषणा प्रस्तुत करने वालों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

# हरक सिंह रावत पर भाजपा का पलटवार

## कहा- 'दीया-बत्ती लेकर भी सीट नहीं मिल रही'

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज होती जा रही है। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के लगातार सरकार और भाजपा पर किए जा रहे हमलों के बीच अब भाजपा ने भी उन पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा नेताओं ने हरक सिंह रावत के राजनीतिक दावों और उनके पुराने बयानों को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि 'दीया-बत्ती लेकर भी उन्हें सीट नहीं मिल रही है।'

भाजपा की ओर से हरक सिंह रावत पर तंज कसते हुए कहा गया कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस नेताओं को पुराने संघर्ष और पुराने किस्से याद आने लगे हैं। भाजपा नेताओं ने हरक सिंह रावत के उस दावे पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती जीवन में चाय, सब्जी और चाट बेचने की बात कही थी। भाजपा का कहना है कि इतने वर्षों की राजनीति के बाद अब चुनावी मौसम में इन बातों को सामने लाने का क्या मतलब है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि हरक सिंह रावत लंबे समय से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे हैं और सत्ता में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। ऐसे में अब अपने संघर्ष की पुरानी कहानियों को राजनीतिक सहानुभूति हासिल करने के लिए सामने रखना जनता के बीच कितना असरदार होगा, यह आने वाला चुनाव तय करेगा।

इसी क्रम में भाजपा ने हरक सिंह रावत के देहरादून आने और ट्रेन से जुड़े पुराने प्रसंग को लेकर भी तंज कसा। भाजपा नेताओं ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि हरक सिंह यहां देहरादून में ट्रेन देखने आए थे, क्योंकि उन्होंने कभी ट्रेन देखी ही नहीं थी। भाजपा का कहना है कि ऐसे पुराने प्रसंगों को बार-बार सामने लाने के बजाय कांग्रेस नेताओं को यह बताना चाहिए कि प्रदेश और जनता के लिए उन्होंने क्या ठोस काम किए।

# अशोक स्तंभ पर विजय कुमार ने फहराया तिरंगा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की बड़ी मंडी में अशोक स्तंभ पर व्यापार मंडल समिति के अध्यक्ष विजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नरेंद्र कुमार गुप्ता, अजय कुमार पिंटू, संजय अग्रवाल, अजय माहेश्वरी, राकेश कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे। उधर, मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा इमली के पेड़ के निकट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, मनोज धनोरिया, विपुल जैन, नवनीत धनोरिया, सचिन सिंघल, संतोष कुमार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, विकास कुमार अग्रवाल, निखिल जैन, विकास कुमार अग्रवाल, सोनू आदि उपस्थित रहे।

# बालिका विद्या मंदिर में धूमधाम से मना 15 अगस्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती शोभा अग्रवाल, उप-प्रबन्धिका श्रीमती रश्मि गोयल, कोषाध्यक्षा श्रीमती अनीता गोयल, श्रीमती अंशिका, विद्यालय के संरक्षक राकेश चन्द्र अग्रवाल संजय अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने भारतीय स्वतंत्रता के वीर बलिदानो को याद करते हुए समस्त छात्राओं को भारतीय स्वतंत्रता को सदैव अक्षुण्ण बनाये रखने तथा भारत को आत्मनिर्भर व अखंड राष्ट्र बनाने हेतु प्रेरित कर एक नवीन उत्साह जागृत किया। विद्यालय की आचार्या रेनू, अनीता, सरिता, पूर्णिमा, अलका, मीनाक्षी, पारुल, प्रियंका, प्रीति, दीपिका, मधु, काजल, संजय शर्मा, अशोक कुमार, केशव सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सुराज और जन-जन का विकास ही हमारी राजनीति का आधार - रेखा आर्या

## अल्मोड़ा के ताकुला में किया पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद

**अल्मोड़ा/देहरादून ( चिंगारी )।** ताकुला मंडल स्थित बिनसर घाटी क्लब महिंद्रा में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में जनसुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मंत्री ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाया है, उन्हें तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'आगामी चुनाव से पहले हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहयोगी की भूमिका निभाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें'।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम भकुना निवासी नारायण सिंह भाकुनी तथा चुराड़ी निवासी गंगा सिंह बिष्ट सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वहीं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

## उत्तराखंड भाजपा में बगावत पर कांग्रेस का तंज

# 'पार्टी के भीतर असंतोष कोई नई बात नहीं'

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। भाजपा के भीतर कथित असंतोष और बगावत को लेकर कांग्रेस ने सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा में बगावत कोई नई बात नहीं है और आने वाले समय में पार्टी के भीतर असंतोष और बढ़ सकता है। वहीं कांग्रेस में वापसी की इच्छा रखने वाले भाजपा के बागी नेताओं को लेकर पार्टी ने कहा कि यदि कोई नेता वापस आना चाहता है तो उस पर संगठन स्तर पर विचार किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड अब चुनावी प्रदेश है और ऐसे में राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर प्रादेशिक नेतृत्व तक लगातार बैठकें और संवाद का दौर चलेगा। पार्टी का फोकस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ संगठन को मजबूत करने पर है। कांग्रेस का कहना है कि चुनावी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ लगातार चर्चा की जाएगी। कांग्रेस ने भाजपा के भीतर चल रही कथित खींचतान को लेकर कहा कि सत्तारूढ़ दल में असंतोष और बगावत कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक कई नेता और कार्यकर्ता लंबे समय से अपनी नाराजगी अलग-अलग मंचों पर जाहिर करते रहे हैं। ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के सामने अपने संगठन को एकजुट रखने की चुनौती हो सकती है। बागी नेताओं के कांग्रेस में लौटने के सवाल पर कांग्रेस ने कहा कि पार्टी के दरवाजे पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के संबंध में संगठनात्मक स्तर पर विचार किया जाएगा। हालांकि, किस नेता को वापस लिया जाएगा और किसे नहीं, इसका फैसला पार्टी नेतृत्व और संगठन परिस्थितियों को देखते हुए करेगा।

# छात्रा ने पुस्तकालय की छत से छलांग लगाई, गंभीर चोट आई

## मानसिक तनाव के कारण किया आत्महत्या का प्रयास

**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को एक छात्रा ने पुस्तकालय की दूसरी मंजिल की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई है। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि छात्रा पिछले कुछ समय से तनाव में थी। पुस्तकालय संचालक ने छात्र के पैर फिसलकर गिरने की बात कही है। शास्त्री चौक के पास एक पुस्तकालय है। नगर की एक कालोनी निवासी छात्रा क़रीब ढाई माह से उक्त पुस्तकालय में पढ़ाई कर रही है। बताया जाता है कि छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वह सुबह को पुस्तकालय आती थी और दोपहर बाद चली जाती थी। सोमवार की सुबह भी वह रोजाना की तरह पुस्तकालय आई और सीधे छत पर चली गई। उसने अपना बैग पुस्तकालय के बाहर छोड़ दिया था। वह पहले छत पर घूमती रही, फिर धीरे-धीरे रेलिंग के पास जाकर खड़ी हो गई। थोड़ी देर बाद उसने रेलिंग पर अपने दोनों पैर लटकाये और नीचे कूद गई। छात्रा मुंह बल जमीन पर गिरी। उसके दोनों हाथ और एक पैर की हड्डी टूट गई है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में पुलिस को सूचना नहीं दी गई। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं है। प्रकरण की जांच कराई जाएगी। दूसरी ओर पुस्तकालय संचालक का कहना है कि पैर फिसलने से छात्रा गिरी है। छात्रा का उपचार चल रहा है। परिजनों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

# चिल्ड्रन एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ



**नूरपुर (चिंगारी)।** यहां मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण विद्यालय के संस्थापक सत्यवीर गुप्ता व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजवीर राणा ने किया।विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी दिशिका ग्रुप कक्षा 10, विधि ग्रुप कक्षा-3, राजश्री कक्षा-8, जीवीशा एवं शानवी ग्रुप कक्षा-यूकेजी, रिया सेहल कक्षा 10, दिव्या ग्रुप कक्षा-10, शिवन्या एवं लक्षिता, मानवी ग्रुप, शिवांशी, जिया ग्रुप, लविश ग्रुप कक्षा 11, अवनी ग्रुप, यस्शवी ग्रुप, श्रद्धा एवं सिद्रा ग्रुप, परिधि ग्रुप आदि रहे। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने सभी को हार्दिक बधाई दी तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भागीरथ सिंह, डॉ. मोहम्मद अली, विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल तथा प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा उपस्थित रहे।

## भारत पेट्रोलियम ने की दुकानदारों के लिए 10 किलो के कामर्शिलय सिलेंडर की लॉचिंग

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के एक होटल में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा छोटे व मंझोले दुकानदारों के लिए 10 केजी के कमर्शियल सिलेंडर (भारत गैस लाइट ज़िप) की लॉन्चिंग मुख्य अतिथि एआरओ मनोज कुमार, बीपीसी के सेल्स मैनेजर सुनील कुमार व भारत गैस एजेंसी के स्वामी गुरुपाल सिंह की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर इस नए भारत गैस ज़िप सिलेंडर के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी के मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि यह सिलेंडर कम्पोजिट प्लास्टिक का होने के कारण वजन में हल्का होने की वजह से उठाने में आसान है, इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी ज्यादा कामयाब है, यह आग लगने पर फटता नहीं है, पारदर्शी होने के कारण आपको इसमें गैस की मात्रा का भी पता चलता रहता है। इस सिलेंडर की सबसे बड़ी खासियत इसकी बुकिंग के 4 घंटे के अंदर ग्राहक को इसकी डिलीवरी मिलना है। इस अवसर पर एआरओ मनोज कुमार, बीपीसी सेल्स मैनेजर सुनील कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय महेश्वरी, एसपी मित्तल, दिनेश चंद गुप्ता व पूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा द्वारा संयुक्त रुप से इस नए सिलेंडर को लांच किया गया। इस सिलेंडर की डिलीवरी के लिए कंपनी द्वारा खास तौर पर डिजाइन किए गए डिलीवरी वाहन को झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर रामदयाल सिंह, जसपाल सिंह, मनमोहन सिंह, कमलकांत वालिया, शोभित मित्तल, हरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, सुमेल सेठी, अमित खट्टर, मुकुल माथुर, अनुज अग्रवाल, मौ. जीशान व प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्र की अखंडता बनाए रखने का लिया संकल्प

## विहिप और बजरंग दल की ओर से अखंड भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन



**नगीना (चिंगारी)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का संकल्प लिया। अखंड भारत संकल्प कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अखंड भारत केवल एक भौगोलिक विचार नहीं, बल्कि साझा संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। विभाग मंत्री मनोज शर्मा, जिलाध्यक्ष गौरव मालपानी, जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, जिला संयोजक अनमोल, बजरंग दल जिला विशेष संपर्क प्रमुख प्रदीप गर्ग ने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एकता, राष्ट्र की अखंडता और युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में जिला धर्म प्रसार प्रमुख मोहित गोयल, जिला बल उपासना प्रमुख राहुल सैनी, नगर सत्संग प्रमुख नंदलाल, नगर उपाध्यक्ष अतुल मित्तल, नगर मंत्री मोहित कुमार सैनी, नगर संयोजक अभिषेक भटनागर, नगर शह संयोजक रोहन राज, नगर सुरक्षा प्रमुख हरभजन, नगर विद्यार्थी प्रमुख राजीव वर्मा, नगर गौरक्षा प्रमुख कार्तिक शर्मा, विहिप के नगर सेवा प्रमुख प्रद्युमन सैनी, नन्नू सैनी आदि मौजूद रहे।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी मौ. पुर देवमल, बिजनौर।

**पत्रांक बेसिक /2026-27** **दिनांक- 13-08-2026**

**01-श्री प्रशांत सिंह, स.अ. कम्पोजिट विद्यालय मण्डावर। 02-श्री धर्म सिंह प्रा.अ. प्रा.वि. गंजालपुर।**

**03- श्री मनोज कुमार, स.अ., समग्रवि. खानपुर माधो। 04- श्री लोकेन्द्र सिंह, स.अ. करीमपुर बमनौली।**

विषय : प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर के प्रांगण में खड़े यूके0 लिप्टिस-02 पेड़ों की नीलामी के सम्बन्ध में। उपरोक्त विषयक कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के पत्रांक 834/22-1 बिजनौर दिनांक 06 अगस्त, 2026 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर के पत्रांक: बेसिक 4513-16/2026-27 दिनांक 10.08.2026 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर के प्रांगण में खड़े 02 पेड़ों की नीलामी हेतु मूल्यांकन 14780.00 (चौदह हजार सात सौ अस्सी मात्र) आंकलित की गयी है। उक्त पेड़ों के नीलाम किया जाते समय निम्न बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं-1-02 की पातानुज्ञा प्रति वृक्ष रू0 150 प्रति वृक्ष की दर से 300.00 (तीन सौ रू0 मात्र)। 2-एक वृक्ष के स्थान पर 10 वृक्ष कुल 2 वृक्षों के स्थान पर 20 वृक्ष प्रतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि रू0 2000:00 वृक्ष (उत्तर प्रदेश शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 की अधिसूचना संख्या-24/81-5-2000/ 7-93 दिनांक 07 जनवरी, 2020) के अनुसार 20 वृक्षों की रोपण की धनराशि रू0 2000:00 (दो हजार रू0 मात्र) से प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर के नाम एफ.डी.आर. प्रधान कार्यालय में जमा की जायेगी। उपरोक्तानुसार बिजनौर रेंज कार्यालय में मूल्याकिंत वृक्षों की पातानुज्ञा शुल्क एंव प्रतिपूरक वृक्षारोपण कर धनराशि रूट 2000.00 (दो हजार रू. मात्र) बैंक से प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर के नाम एफ.डी.आर. प्रधान कार्यालय में जमा की जायेगी। प्रश्नगत वृक्ष राजकीय वृक्ष हैं इसलिए पातन से पूर्व कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रमाग बिजनौर से अनुमति प्राप्त कर विदोहन किया जाये।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 21.08.2026 को आप अपनी देख-रेख में वृक्षों की नीलामी सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

**डा. (प्रभात कुमार)**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी वि.क्षे. मौ.पुर देवमल**

# आग लगने से सत्संग स्थल जलकर ख़ाक, लाखों का नुकसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में तीसरी मंजिल पर बने सत्संग स्थल में सोमवार की देर शाम अचानक भीषण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अग्निकांड में महंत श्री राधेश्याम व्यास जी महाराज का कक्ष, सत्संग भवन और भंडारे का स्थान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज उठ रही थीं कि आसपास के लोगों में अपने मकान और दुकानों की सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त रहा। उन्होंने तुरंत दुकानें बंद करके आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई, परंतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग एक घंटा बाद मौके पर पहुंची तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था।

श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत श्री राधेश्याम व्यास जी महाराज आजकल वृंदावन में श्री शिव महापुराण कथा करने हुए गए हुए हैं, इस कारण श्रीराम मंदिर आश्रम में उनके छोटे पुत्र सौरभ वशिष्ठ, उनकी पत्नी श्रीमती गीता वशिष्ठ अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उनके अलावा मंदिर के पुजारी, कर्मचारी राकेश कुमार, मयंक, चंद्रप्रकाश फौजी, कृष्ण त्रिवेदी आदि रह रहे हैं।



सत्संग स्थल में आग लगने से जला हुआ सामान

सोमवार की शाम लगभग 7 बजे मंदिर के स्टाफ ने तीसरी मंजिल पर धुआं उठते हुए देखा। सत्संग स्थल में फाइबर और प्लास्टिक का सामान लगा हुआ था। आग लगने से सत्संग स्थल में लगे हुए एसी, सोलर प्लांट, सीसीटीवी कैमरे, कुर्सी व अन्य सामान जलकर राख हो गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। आग लगने की सूचना मिलते ही महंत राधेश्याम व्यास जी के बड़े पुत्र आचार्य शशिकांत वशिष्ठ नोएडा से रात 2 बजे धामपुर पहुंचे और उन्होंने सत्संग स्थल में लगी आग का निरीक्षण किया ।

श्रीराम मंदिर आश्रम पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने मंदिर के ग्राउंड फ्लोर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना कराई है। फर्स्ट फ्लोर में भक्तों के रहने की व्यवस्था है, जबकि सेकंड फ्लोर में उनके पुत्र परिवार सहित रहते हैं और थर्ड फ्लोर पर महाराज जी ने सत्संग स्थल बनवाया था, जहां श्री शिव महापुराण कथा, भंडारा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते थे, परंतु भीषण आग लगने से यह सत्संग स्थल राख के ढेर में तब्दील हो गया, जिससे भक्तों में गहरी निराशा व्याप्त है। आग इतनी भयंकर थी कि फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया। दूसरी ओर मूसलाधार वर्षा शुरू होने से भी आग को नियंत्रित करने में मदद मिली।




श्रीराम मंदिर का मेन गेट

## रजत पदक से सम्मानित हुए एसआई संदीप कालखंडे

**बिजनौर/शामली ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करने पर बिजनौर निवासी एसआई संदीप कालखंडे को डीजीपी की ओर से रजत पदक देकर सम्मानित किया। यह सम्मान पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपनिरीक्षक संदीप कालखंडे को प्रदान किया। बिजनौर के ग्राम हादरपुर निवासी उपनिरीक्षक संदीप कुमार कालखंडे को शामली जिले में पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की ओर से प्रशंसा चिन्ह (रजत) प्रदान किया गया। उपनिरीक्षक के सम्मानित होने पर परिजनों व ग्रामीणों द्वारा खुशी जताई गई है।

**शामली जिले में तैनात हैं बिजनौर निवासी संदीप कालखंडे**



## राशन डीलर का कमीशन बढ़ाया, मुख्यमंत्री का आभार जताया

**नहटौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि करते हुए 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये कमीशन करने का नगर क्षेत्र के राशन डीलरों ने ब्लॉक डबाकरा हॉल में लाइव प्रसारण देखा और मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बता दें कि सोमवार को उत्तर प्रदेश में पिछले कई वर्षों से 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेता (राशन डीलर) अपने कमीशन में वृद्धि को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन व हड़ताल तक कर चुके थे। राशन डीलर की समस्या व मांग को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ से लाइव प्रसारण पर घोषणा करते हुए राशन डीलरों का कमीशन 90 रुपये प्रति कुन्तल से बढ़ाकर 125 रुपये कुन्तल कर दिया। जिसके बाद राशन डीलरों में खुशी का माहौल पैदा हो गया। कार्यक्रम में मौजूद राशन डीलर राजीव चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राशन डीलरों के हित का काम किया गया है। आज से पूर्व में किसी सरकार ने एक साथ 35 रुपये कमीशन कभी नहीं बढ़ाया है। वहीं राशन डीलर मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष शेर सिंह ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि श्री योगी ने राशन डीलर की आजीविका चलाने हेतु कमीशन बढ़ाकर बहुत अच्छा कार्य किया है। कार्यक्रम में एसडीएम राम आसरे, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, पूर्ति निरीक्षक विनित कुमार, तहसीलदार अतुल भगत, बीडीओ प्रताप सिंह, बाबू योगेंद्र सिंह, सूर्य प्रताप शुक्ला, अनुभव शर्मा, मंजीत सिंह, राशन डीलर शेर सिंह, राजीव चौधरी, मुकेश चौधरी, जाहिद हुसैन, तिमरपाल सिंह, परवीन सिंह, आसिफ मलिक, शानू सिद्दीकी, अनिल कुमार, आदेश त्यागी, अफसार, डालचंद सिंह, ईशु त्यागी, विपिन त्यागी, इमरान अहमद, भोपाल सिंह, परमाल सिंह, गजराज सिंह, दलवीर सिंह, राकेश कुमार, निरंकार सिंह, सोमेंद्र चौधरी, लवी सिंह आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए राशन डीलर।

# गुवाहाटी में गूंजी बिजनौर की लोक धुन

## यूपी की संस्कृति बनी आकर्षण का केंद

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन सीसीआरटी के क्षेत्रीय केंद्र गुवाहाटी में आयोजित 517वें अनुस्थापन पाठ्यक्रम में बिजनौर के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश की कला और लोक परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। 22 जुलाई से 11 अगस्त तक चले इस 20 दिवसीय प्रशिक्षण में देश के 16 राज्यों से आए 71 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में बिजनौर से नूरपुर विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदनपुर के सहायक अध्यापक अमित कुमार शर्मा, कोतवाली ब्लॉक के मलकपुर अब्दुल्ला विद्यालय की शिक्षिका कमलिनी अग्रवाल और पूर्व माध्यमिक विद्यालय अथाई अहीर, नूरपुर की शिक्षिका कंचन राजपूत ने प्रतिभाग किया। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रस्तुति में अमित कुमार शर्मा ने PPT के जरिए उत्तर प्रदेश के इतिहास, लोकजीवन और सांस्कृतिक पहचान से सभी को रूबरू कराया। मंच संचालन भी उन्होंने ही किया। कमलिनी अग्रवाल और कंचन राजपूत ने कजरी और ठुमरी गाकर माहौल बनाया। समूह प्रस्तुति में तीनों ने मिलकर लक्ष्मण-परशुराम संवाद, मथुरा की फूलों वाली होली और प्रसिद्ध लठमार होली प्रस्तुत की। सीसीआरटी गुवाहाटी के क्षेत्रीय अधिकारी शशांक पांडे ने होली प्रस्तुति की तारीफ करते हुए कहा- यह प्रदर्शन विभिन्न राज्यों की विविधता को एक साथ जोड़ने वाला था। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को वेस्ट से क्राफ्ट, टेराकोटा, बेंत-बांस शिल्प और लोक चित्रकला का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। साथ ही विभिन्न भारतीय भाषाओं के गीत, लोकनृत्य और प्रदर्शनकारी कलाओं पर भी काम हुआ। समापन पर सीसीआरटी नई दिल्ली के उपनिदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने वर्चुअल संबोधन में मार्गदर्शन किया। अंतिम दिन अमित शर्मा, कमलिनी अग्रवाल और कंचन राजपूत ने 9 अलग-अलग क्षेत्रीय भाषाओं में लोकगीत भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी 71 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिए गये।




## जिले के लिये गर्व की बात

डायट इस्माईलपुर, बिजनौर की कला प्रवक्ता डॉ. निशा रानी ने कहा बिजनौर के शिक्षकों ने जिस आत्मविश्वास से लठमार होली, कजरी और ठुमरी को राष्ट्रीय मंच पर रखा, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ प्रदर्शन नहीं था, बल्कि नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ने की कोशिश थी। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के करीब 20 शिक्षक सीसीआरटी के प्रशिक्षणों में हिस्सा ले चुके हैं। इन अनुभवों को साझा करने के लिए सितंबर में जनपद में कला एवं संस्कृति महोत्सव कराने की योजना है। डायट इस्माईलपुर की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती डॉली सिकरवार ने कहा जब शिक्षा को संस्कृति और स्थानीय परंपरा से जोड़ा जाता है, तभी वह बच्चों तक असरदार तरीके से पहुंचती है। सीसीआरटी जैसे प्रशिक्षण शिक्षकों को यही दृष्टि देते हैं।

# स्कूल जा रहे शिक्षकों से भरे वाहन पर हाथियों के झुण्ड ने किया हमला

## शिक्षक वाहन छोड़कर भागे ✦ उनके सामान को नष्ट किया


अध्यापकों के वाहन में हाथियों के झुंड ने की तोड़फोड़।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 534 पर सिद्धबली मंदिर के नजदीक स्थित लाल पुल के पास हाथियों के झुंड के अचानक सड़क पर आने से अफरा तफरी मच गई। इस दौरान लोगों ने अपने वाहन जहां तहां खड़े कर दिए और हाथियों के हमले से बचने के लिए सुरक्षित बाहर निकल गए।

वहीं हाथियों के झुंड ने स्कूल जा रहे अध्यापकों से भरी एक टेंपो ट्रैवलर को घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वाहन में सवार शिक्षकों में अफरा–तफरी मच गई। जान बचाने के लिए शिक्षकों को वाहन छोड़कर भागना पड़ा। बताया जा रहा है कि हाथियों का झुंड करीब डेढ़ घंटे तक टेंपो ट्रैवलर में तोड़फोड़ करता रहा। हाथियों ने वाहन के अंदर रखा शिक्षकों का सामान भी बाहर फेंक दिया और वाहन को काफी नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि सभी शिक्षक समय रहते सुरक्षित निकल गए। बताया जा रहा है कि नीचे बह रही खोह नदी का जल स्तर अधिक होने के कारण हाथी सड़क पर आ गए और उनके साथ बच्चे होने के कारण वे उग्र हो गए। बताते चलें कि वर्षा ऋतु में कोटद्वार–दुगड्डा मोटर मार्ग पर हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। राजमार्ग पर सुबह हाथियों की मौजूदगी ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में गश्त और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# महर्षि विद्या मंदिर में विद्यार्थी परिषद का गठन

## पार्थ लखेड़ा हेड ब्वाय, वंशिका हेड गर्ल बनी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज में शैक्षणिक सत्र 2026– 27 के लिए विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। परिषद में पार्थ लखेड़ा को हेड ब्वाय चुना गया।

इसके अलावा वंशिका गोस्वामी हेड गर्ल, अभिमन्यु कुमार वाइस हेड ब्वाय, साक्षी घिल्डियाल वाइस हेड गर्ल, आर्यन कुमार हेड स्पोर्ट्स कैप्टेन छात्र, खुशी हेड स्पोर्टस कैप्टेन छात्रा, क्षितिज नेगी हेड डिसिप्लिन इंचार्ज, जान्हवी वाइस डिसिप्लिन इंचार्ज, आदि कुमार वाइस हेड स्पोर्टस कैप्टेन छात्र, आंचल भट्ट वाइस स्पोर्टस कैप्टेन छात्रा चुने गए। इसके अलावा आर्यन कुमार को नारायण हाउस का कप्तान व अदिति को उप कप्तान, पार्थ लखेड़ा को पाराशर हाउस का कप्तान व शशांक रावत को उपकप्तान, रिया राणा को व्यास हाउस का कप्तान व साक्षी घिल्डियाल को उपकप्तान व परी यादव को वशिष्ठ हाउस का कप्तान व प्राची को उपकप्तान का दायित्व सौंपा गया। मौके पर प्रधानाचार्य संजीव पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें निष्ठा व अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सिटी प्लाजा में आधार सेवा केन्द्र का संचालन शुरू

**कोटद्वार (चिंगारी)।** क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत की खबर है। कोटद्वार में सिमलचौड़ स्थित सिटी प्लाजा में आधार सेवा केंद्र का संचालन शुरू हो गया है। केंद्र में लोगों को आधार नामांकन और आधार से जुड़ी विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो पायेंगी। इससे कोटद्वार सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आधार संबंधी कार्यों के लिए दूसरे शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। केंद्र शुरू होने से नागरिक अपने आधार में आवश्यक संशोधन और अपडेट आसानी से करा सकेंगे। विशेष रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए भी लोगों को सुविधा मिलेगी। आधार केंद्र के प्रभारी आयुष रावत ने बताया कि आधार सेवा केंद्र सप्ताह में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित होगा।

# ताड़केश्वर धाम समिति पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद - थलेड़ी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तरांचल सांस्कृतिक कल्याण समिति के संस्थापक कैलाश थलेडी ने ताड़केश्वर धाम सांस्कृतिक एवं विकास समिति पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फर्जी रसीद से वसूली की बात बेबुनियाद है। एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि समिति द्वारा जय ताड़केश्वर महादेव मंदिर का संचालन किया जाना है जो कि उपनिबंधक फर्म सोसायटी चिट्स के द्वारा प्रमाणित हैं। उन्होंने कहा कि उक्त मंदिर का भूमिपूजन स्वतन्त्रता सेनानी स्व सदानंद भारद्वाज के पैतृक गांव जहरीखाल के विदुर गांव के ग्रामीणों द्वारा भूमि पूजन भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विकास खंड जहरीखाल के अन्तर्गत ताड़केश्वर धाम सांस्कृतिक एवं विकास समिति द्वारा विभिन्न माध्यमों से दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि उत्तरांचल सांस्कृतिक कल्याण समिति के द्वारा संचालित जय ताड़केश्वर महादेव मंदिर की रसीद बुक के लिए क्यूआर कोड का प्रयोग पारदर्शिता के लिए किया गया है।

# देश के सर्वश्रेष्ठ आईपीएस में सर्वेश पंवार भी शामिल

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पौड़ी गढ़वाल के एसएसपी सर्वेश पंवार समेत जनपद चमोली व अल्मोड़ा के पुलिस अधीक्षकों का नाम देश के सौ सर्वश्रेष्ठ आईपीएस अधिकारियों की सूची में नाम शामिल हुआ है। देशभर में अधिकारियों के कामकाज को अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, जन विश्वास, पारदर्शिता नेतृत्व और संकट के समय फैसले लेने जैसे कई पहलुओं पर परखा गया। अब इन 100 अधिकारियों में से टॉप 25 पुलिस कप्तानों का चयन किया जाएगा।

# महावीर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय सिविल लाइन्स स्थित महावीर बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, भट्टे वाले व प्रबंधक इंजी. ब्रजेश कुमार जैन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत ईशा व मोना ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा गंगोत्री, दीप, गौरव आदि बालक–बालिकाओं ने देश भक्ति की कविताएं सुनाईं तथा प्रधानाचार्या अंजु जैन ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। शिक्षिका सपना खन्ना के संचालन में हुये कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

# दुगड्डा नगर पालिका ने खोह में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा नगर पालिका परिषद की ओर से खोह नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी से लगभग दो क्विंटल कूड़ा एकत्रित कर निस्तारित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शांति बिष्ट ने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। इससे बीमारियों के कीटाणु नहीं पनपते। आसपास स्वच्छता न होने से कई प्रकार की बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। मौके पर लोगों से घर के कूड़े को नदी में डालने के बजाय आसपास रखे कूड़ेदानों में डालने का आह्वान किया गया। स्वच्छता अभियान में अधिशासी अधिकारी गोवर्धन जोशी, अतुल अग्रवाल, रेनू सुन्द्रियाल, सुशीला देवी व अंशू जैन आदि सभासदों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बेस अस्पताल में बीईएल द्वारा स्थापित स्तन कैंसर जांच केन्द्र ने कार्य करना प्रारंभ किया

## मैमोग्राफी प्रयोगशाला से होगी पहचान : ऋतु खंडूड़ी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण के प्रयासों से चन्द्रमोहन सिंह नेगी राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से स्थापित स्तन कैंसर जांच केंद्र ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए मामले प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष बेस चिकित्सालय में मैमोग्राफी प्रयोगशाला स्थापित कराने के लिए प्रयासरत थीं।

केंद्र का शुभारंभ करते हुए प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि महिलाएं परिवार का केंद्र होती हैं। कई बार परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े, इस चिंता के कारण महिलाएं अपनी बीमारी या स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के बारे में समय पर परिवार को नहीं बताती हैं। वर्तमान में स्तन कैंसर के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में मैमोग्राफी प्रयोगशाला के माध्यम से महिलाओं में स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान हो सकेगी और समय रहते उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में शामिल है। स्थानीय स्तर पर मैमोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होने से महिलाओं को जांच के लिए बाहर जाने में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी और समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगी ।


ऋतु खण्डूडी भूषण

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कोटद्वार के निदेशक अम्बरीश त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का अनुरोध भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से किया था। इसी क्रम में कंपनी द्वारा बेस चिकित्सालय में मैमोग्राफी मशीन लगाई गई है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक विजय सिंह ने कहा कि बेस चिकित्सालय मैमोग्राफी प्रयोगशाला सुविधा उपलब्ध कराने वाला प्रदेश का पहला राजकीय चिकित्सालय बन गया है। यह चिकित्सालय के लिए गौरव और हर्ष का विषय है।

इस अवसर पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के महाप्रबंधक रविंद्र नाथ पांडेय, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शशिबाला केष्टवाल, मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, आशीष रावत, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र नेगी, गुरुवचन सिंह, दलजीत सिंह, सुनीता देवी, गोपाल दत्त जखमोला और नीरूबाला खंतवाल सहित चिकित्सालय के चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अलीपुरा में गुलदार आया, चेयरमैन ने वन विभाग से पिंजरा लगवाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद से जुड़े कई गांवों में लगातार गुलदार देखे जाने की खबर के बाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने अलीपुरा का दौरा किया। अलीपुरा निवासी विकार अहमद ने चेयरमैन को बताया कि उनके घर के पास ईख के खेत में 2 से 3 बार गुलदार को देखा जा चुका है। विकार द्वारा बनाई गई गुलदार की वीडियो भी दिखाई गई। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों से बात की। जिसके बाद वन विभाग टीम ने मौके पर पहुंचकर चेयरमैन के साथ गांव का निरीक्षण किया। वन विभाग के रेंजर रामकुमार ने मामले की जांच के बाद बताया कि यह सत्य है, गांव में गुलदार आया था, ईख के खेत में गुलदार के पंजो के निशान होने की पुष्टि हुई है। चेयरमैन ने रेंजर से गुलदार को पकड़ने व लोगों की सुरक्षा कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने वहां के लोगों को गुलदार से बचाव करने को कुछ सावधानियां बरतने के बारे में समझाया। रेंजर रामकुमार ने ग्रामवासियों व चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म को गांव में पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर वन दरोगा प्रकाश सिंह व उनकी टीम में शामिल विकार अहमद, वसीम, हाशिम व कॉलोनी के लोग आदि मौजूद रहे।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom





DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर




मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना







डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association


(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


ੴ

सतनाम श्री वाहेगुरु

शोक संदेश / अंतिम अरदास

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
परम पूज्य पिता जी स्व. जगदीश कुमार सचदेवा जी
दिनांक 08 अगस्त 2026 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं।



दिवंगत आत्मा की शांति एवं आत्मिक कल्याण हेतु रखे गए
श्री सुखमनी साहिब पाठ जी का भोग, कीर्तन एवं कार्यक्रम निमलिखित अनुसार तय हुआ है:

- दिनांक: 20 अगस्त 2026 (गुरुवार)
- श्री सुखमनी साहिब पाठ: सुबह 10:00 बजे
- कीर्तन एवं अंतिम अरदास: सुबह 11:00 से 12:00 बजे
- गुरु का लंगर: दोपहर 12:00 बजे से
- रस्म पगड़ी: दोपहर 02:00 से 03:00 बजे
- स्थान: गुरुद्वारा साहिब, रेलवे स्टेशन रोड, बिजनौर

शोकाकुल: समस्त सचदेवा परिवार एवं रिश्तेदार संपर्क सूत्र: 9193375356